तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 मई 2026



11 कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान





12 लाल आतंक का अंत, ककनार घाटी के सुदूर गांवों तक पहुंची मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा






## ऑपरेशन ब्लैक फारेस्ट नहीं हुआ होता तो नक्सलमुक्त बस्तर असंभव था: अमित

# आसना से केंद्रीय गृहमंत्री शाह का ऐलान 'भारत नक्सलमुक्त'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद वीरनारायण सिंह व गुण्डाधूर को प्रणाम करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आज ना केवल छग बल्कि समग्र देश के लिए बहुत बड़ा दिन है। मैं आज यहां खड़े रहकर सीना तानकर कहता हूं कि भारत नक्सलमुक्त हो चुका है।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को ग्राम आसना के बादल संस्था में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा सपना था, जिसको को सिद्ध करने के लिए हजारों जवानों ने अपना बलिदान दिया। शायद ही देश का कोई बल बाकी होगा जिसके जवानों ने नक्सलवाद का सामना करते अपने प्राण न गवाएं हों। 1971 से लेकर 31 मार्च 2026 तक यह लम्बा कालखंड समग्र देश की जनता ने एक दु:स्वप्न की तरह झेला है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लिए तो भीषण रक्तपात विकास का अंधेरा व युवाओं के सामने अंधकारमय भविष्य था। परन्तु जहां नक्सलवाद नहीं था जैसे मेरे प्रदेश गुजरात के लोग भी बड़ी चिंता व संवेदनशीलता के साथ इस क्षेत्र की चिंता करते थे। यह कोई छोटा कालखण्ड नहीं था तीन पीढ़ियां चली जाती हैं 1970 से लेकर 31 मार्च 2026 तक का लंबा समय था। मुझे आज बहुत आनंद है कि एक ऐसा लक्ष्य जो एक जीवन में समाप्त नहीं हो सकता, वह हमारे वीर जवानों ने एक प्रकार से तीन चार साल से इसे समाप्त कर दिया। 21 जनवरी 2023 व 24 अगस्त 2024 यह जो दिन नक्सल उन्मूलन के इतिहास में स्वर्णमयी अक्षरों से लिखा जाएगा। इसी दिन हमने बंद कमरे में तय किया था कि 31 मार्च 2026 के पहले हम नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। काफी लोगों ने चेताया भी था कि यह संभव नहीं है लेकिन हमने कार्ययोजना बनाई और अगस्त आते आते इसकी सार्वजनिक घोषणा की। मां दंतेश्वरी की ही कृपा है कि आज हमारा नक्सलमुक्त बस्तर का दिन अंततोगत्वा आ ही गया।

- 1971 से लेकर 31 मार्च 2026 तक लम्बा कालखंड देश की जनता ने एक दु:स्वप्न की तरह झेला

एक अन्य दृष्टि से भी आज का दिन महत्वपूर्ण है आज शहीद वीर गुण्डाधूर सेवा डेरा की शुरूआत हुई। हमारे छत्तीसगढ़ के अंदर लगभग 2 सौ सीएपीएफ के कैम्प है। ये दो सौ कैम्प अब तक यहां के आदिवासियों की, बच्चों की, किसानों की व महिलाओं की नक्सलवाद से सुरक्षा का काम करते थे। और आज से ही शुरूआत हुई है इन 2 सौ में से 70 कैम्प शहीद वीर गुण्डाधूर सेवा डेरा के नाम से क्षेत्र को विकसित करने का मॉडल बन जाए। यहीं से अपना 370 योजनाओं का काम ऑनलाइन एक साथ कर सकते है। राशन कार्ड लेना है यहीं से होगा, आधार बनाना हो यहीं से बनेगा, सस्ता अनाज नहीं मिलता है यही से कम्पलेट हो जाएगा, आपके बैंक का एकाउण्ट वहीं से ऑपरेट होगा, आपके स्वास्थ्य की सेवाएं वहीं से उपलब्ध हो जाएगी, वहीं से डेरी का दूध कलेक्शन सेंटर होगा, यहीं पर से आपको अपनी खेती अच्छे से करने के लिए कृषि विभाग का मार्गदर्शक मिलेगा। वहीं पर छोटी सी प्राथमिक स्कूल बन जाएगी वहीं पर कौशल विकास केन्द्र बनेगा जो ग्रामीणों की रोजगारी का केन्द्र बनेगा और वहीं पर प्रौढ़ शिक्षा का काम भी शुरू करेंगे। आने वाले दिनों में तीन माह के अंदर एनआईटी के सहयोग से हम इसका पूरा नक्शा तैयार कर एक कम्पलीट डेवलमेंट का प्रोजेक्ट शहीद वीर गुण्डाधूर के नाम से शहीद वीर गुण्डाधूर सेवा डेरा के नाम से जमीन पर उतारने का काम करेंगे।





### तीसरी कक्षा के सभी बच्चों को उठा ले गए नक्सली और झोंका दिया था नक्सलवाद में

श्री शाह ने कहा कि बस्तर के व्यंजन खाए और विजय मुझे समझा समझाकर खिलाता था। इतने टेस्टी व्यंजन मैंने भारत भर में कहीं नहीं खाया। यह आपकी कला, आपकी प्रेम यहां की सब्जी यहां का नृत्य और परम्पराएं सभी दबा हुआ था कुचला हुआ था। नक्सलियों ने इसको नष्ट कर दिया, हजारों लोगों के जीवन को रौंदने का काम किया।सरेंडर हुए पुर्नवास हुए नक्सलियों से मिला और पूछा कि कैसे नक्सलवाद को ज्वाइन कर लिया तो उन्होंने बताया कि हमारी तीसरी कक्षा के पूरे क्लासरूम को उठाकर ले गए थे। और सब नक्सली बन गए और नक्सलियों ने पूरे जीवन को तबाह हो गया लेकिन आज मां दंतेश्वरी की कृपा से बस्तर एक नया सबेरा देख रहा है। विकास के रास्ते पर आत्मनिर्भर बनने के लिए संकल्पबद्ध है। आज का ऐतिहासिक पल ऐसे ही नहीं आया, मेरे सामने जो लोग बैठे है कुछ लोगों ने अपने परिवारजनों का खोया है अपने प्रियजनों को घुमाया है। शहीद सुरक्षाकर्मियों के परिवारजन भी है और कुछ ऐसे लोग भी है निरीह आदिवासी परिवार भी है जिनके परिवार के लोगों को निर्ममता से मार दिया गया।

### विकास नहीं होने के कारण फैला नक्सलवाद

इसी से माओवादियों के समर्थक सभी बुद्धिजीवियों को सदेंश मिलेगा। माओवादी इसलिए नहीं फैला था कि विकास नहीं होगा। विकास नहीं था इसका कारण ही हत्यारा नक्सल अभियान था। अब हत्यारी नक्सल अभियान समाप्त हो गया है। श्री शाह ने कहा, आज विश्वास के साथ कहकर जाता हूं पूरे देश के सभी आदिवासी संभागों में मेरा बस्तर सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनेगा इसी में किसी को सशंय नहीं होना चाहिए। नरेन्द्र मोदी सरकार ने इस देश के गरीब पिछड़े दलित आदिवासियों के लिए ढेर सारी योजनाएं बनाई है। आपका एक एक किलो धान 31 सौ रूपए क्विंटल से खरीदने की योजना है लेकिन आप कभी बेच नहीं पाए, हर आदिवासी को घर में प्रति व्यक्ति प्रति माह सात किलो धान, चावल मिलता है लेकिन कभी मिला नहीं। 15 प्रतिशत आरक्षण सरकारी नौकरियों में आदिवासियो के लिए रखा गया है मगर शिक्षा ही नहीं पहुंची तो आरक्षण का फायदा कैसे मिलेगा। इस धरती के अंदर मेरे बस्तर के युवाओं को मौका नहीं मिला।

### सभी के योगदान से आज यह दिन आया

गृहमंत्री शाह ने कहा कि ऐसे लोग भी है जो नक्सलियों का साथ छोड़कर डीआरजी को ज्वाइन कर कर इस अभियान को सबसे सफल बनाने में बड़ा योगदान दिया और सबसे बड़ा योगदान किसी का है तो मेरे डीआरजी के भाई बहन है। जरा भी संकोच के बगैर कहता हूं कि सबसे बहादुरी से कोई लड़ा है तो डीआरजी व कोबरा बटालियन के जवान है यह कहने में मुझे कोई झिझक नहीं है। इसके अलावा सारे सीएपीएफ सारे नक्सल पीड़ित राज्य के जवान, उनके प्रतिनिधि उनके डीजी, एनआईए की टीम, एनटीआरएफ की टीम गृह मंत्रालय के मेरे साथी व वरिष्ठ अधिकारी सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से ही बहुत अच्छा दिन हम सब देख पाए। सीआरपीएफ, सीएएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, पुलिस छग, डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाईटर व सभी राज्यों के पुलिस फोर्स सभी के संयुक्त अभियान से ही हम सफलता प्राप्त किए। मुझे मालूम है जब हमने यह अभियान शुरू किया जिसके बाद सरेंडर में समाज प्रमुखों का बहुत बड़ा योगदान रहा है, विभिन्न जन प्रतिनिधियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है मै आज इस मंच से समूचे देश की ओर से इस समूह को हाथ जोड़कर धन्यवाद देना चाहता हूं।

### आज देश तीनों समस्याओं से मुक्त होकर विकास के रास्ते पर चल पड़ा है

नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 में देश की कमान संभाली तब देश की बाहरी सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा दोनों को मजबूत करने का बीड़ा उठाया इसमें जम्मू कश्मीर, उत्तर पूर्व और नक्सलवाद यह तीनों बहुत बड़ी समस्या थी आज मुझे यह कहने में बड़ा आनंद है कि आज देश तीनों समस्याओं से मुक्त होकर विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। आज नेतानार गांव में जब शहीद गुण्डाधूर के नाम से सेवा डेरा का उद्घाटन किया वहां मैंने आदिवासी बहनों भाइयों के चेहरे पर आशा की किरण देखी, वहां मैने संवेदनशीलता के साथ काम करने वाले देखे। लाखों की सभा में भाषण करके जीतना आत्मसंतोष नहीं मिलता है उससे भी ज्यादा आत्मसतोंष मुझे आज नेतानार गांव की चार सौ आदिवासी भाईयों बहनों के बीच मिला। एक बच्ची के मुख से हम बच गए यह वाक्य चलते चलते सुनकर कितना आनंद होता है इसका शब्दों में वर्णन करना बहुत कठिन है। जिन्होने आत्मसर्मण किया है जिन्होने मुख्यधारा में आने के लिए हथियार डाल दिया है उनके परिजनों को भी विश्वास दिलाना चाहता हूं कि कुछ ही समय में आपके परिजन स्कील के साथ, पढ़ाई लिखाई के साथ आपके परिवार में आपके बीच में आकर मुख्यधारा का भारत के नागरिक का जीवन जीता है। तीन हजार पुनर्वास करने वाले नक्सली भाइयों बहनों को उनके लिए हमें बहुत बीते दिनों तक भारत सरकार ने 20 करोड़ रूपए शुरूआती उनके शिक्षा के लिए उनको सहज व्यक्ति बनाने के लिए सहज मानव बनाने के लिए लगाए।

### विकसित बस्तर के बगैर विकसित भारत का संकल्प अधूरा

श्री शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी ने 2047 तक पूर्ण विकसित भारत का संकल्प देश की जनता के सामने रखा है, मगर मै आज स्पष्ट कह देना चाहता हूं कि विकसित बस्तर के बगैर विकसित भारत का संकल्प अधूरा है विश्वास के साथ बस्तर के लोगों को कहकर जाता हूं नक्सवाद समाप्त हुआ है। छग सरकार व भारत सरकार की जिम्मेदारी है आपका 50 साल में जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई हम तेजी के साथ यही तीन चार साल में करकर आपको बाकी के देश के समकक्ष लाकर विकसित बस्तर का संकल्प हम पूरा करेगें। जब तक बस्तर विकसित नहीं हो जाता हमारा यह अभियान पूरा नहीं होना है, यह हमारा संकल्प और गृह विभाग हर चीज की चिंता करेगा चाहे रोड बनाना हो चाहे ग्रामीण विकास के सभी क्षेत्र हो चाहे बैंक की शाखाएं खोलनी हो चाहे गैस की सिलेण्डर पहुंचाना हो चाहे हर घर में नल से जल पहुंचाना हो चाहे हर व्यक्ति को मुफ्त अनाज पहुंचाना हो, चाहे घर मे बिजली पहुंचाना हो हर चीज की चिंता गृह विभाग के तत्वाधान में नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार करेगा। आज यहां से सीएपीएफ के सभी जवानों को मनपूर्वक नमन करता हूं। यह अभियान से जुड़े काफी सारा योजना मुझे मालूम है। आपरेशन ब्लैक फारेस्ट को कैसे भूल सकता हूं 45 डिग्री टेम्परेचर में जवानों को चढ़ना कोई आपती की चिंता करके चढ़ना और वहां हजारों माइंस बिछाए गए थे वहां जाकर उनके कैम्प को खत्म करना। मैं सार्वजनिक रूप से कहना चाहता हूं कि ऑपरेशन ब्लैक फारेस्ट न हुआ होता तो वह पहाड़ी खाली न हुई होती तो नक्सलमुक्त बस्तर असंभव था। वहां से नीचे उतरना पड़ा। इस अभियान के अंदर कई साथियों ने अपने पैर गवांए, डिहाईड्रेशन का भोग, कई प्रकार की कठिनाईयों, डीआरजी छग पुलिस, बस्तर फाइटर, सीआरपीएफ के जवानों ने जो कठिनाईयां झेली इसका मेरे पास कोई जवाब नहीं है।

## खबर संक्षेप

### नेताओं के त्याग तपस्या से पार्टी आज मजबूत



**जगदलपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में रविवार को नारायणपुर में भाजपा के इतिहास एवं विकास पर संबोधन भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने दिया। वे मुख्य आतिथ्य के रूप में समापन अवसर पर पहुंचे थे। उन्होंने जनसंघ से लेकर भाजपा के बनने तक त्याग और समर्पण के साथ योगदान देने वाले नेताओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रकाश रावल सहित नारायणपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दवा व्यवसाय बंद को चेंबर का समर्थन

**जगदलपुर।** बस्तर चेंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री नवरतन जलोटा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि बस्तर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन से प्राप्त पत्र अनुसार बी फार्मेसी की विसंगतियों को लेकर 20 मई को संपूर्ण भारत में दवा व्यवसाय बंद रहेगा। इसका बस्तर चेंबर समर्थन करता है।

### स्वास्थ्य कर्मियों को छात्र छात्राओं ने भेंट किए पौधे




**जगदलपुर।** क्रांतिकारी डेवरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र जगदलपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.पी. नाग के नेतृत्व में मॉड्यूल ग्रुप ए के विद्यार्थियों ने महारानी अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों को पौधे भेंट किए। अधिष्ठाता का संदेश रहा कि आज के परिदृश्य में प्रकृति तथा मानवजाति के लिए पौधे और स्वास्थ्यकर्मी पौधों को उचित स्थान देकर उनका संरक्षण करेंगे तो वातावरण अच्छा रहेगा। इस दौरान डॉ. आर के देवांगन, डॉ. अग्निभ हालदार एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जुआ फड़ पर दबिश, तीन गिरफ्तार

**बचेली।** नगर पुलिस ने मुण्डरा कैम्प टेकरी के पास जुआ फड़ पर दबिश देकर तीन जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उनकेकब्जे से नगदी और ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कमलजीत पाटले के मार्गदर्शन में क्षेत्र में अवैध कारोबार और अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि मुण्डरा कैम्प टेकरी के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर तीन जुआरी चमोरा कोरकोरा, विजय भतरा एवं जोसेफ हरीजन सभी मुण्डरा कैम्प बचेली निवासी को पकड़ा है।

**इनकी रही अहम भूमिका :** इस कार्यवाही में थाना प्रभारी के साथ उप निरीक्षक हेमन्त कुमार साहू, लोचन प्रसाद पैकरा, सहायक उप निरीक्षक सोहन ठाकुर,




गोवर्धन निर्मल, प्रधान आरक्षक नरेश मंडल, मेहतु कोर्राम, आरक्षक रामप्रसाद कश्यप, हीरा रात्रे, उमाशंकर ठाकुर, नंदलाल कुंजाम और प्रताप सिंह मरकाम की अहम भूमिका रही।

### मामला दर्ज, कार्रवाई जारी

पुलिस ने जुआरियों के पास से 1,870 रुपये नगद और 52 पत्ती ताश जप्त किया है। थाना बचेली में अपराध क्रमांक 20/2026, धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बचेली पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# किसानों को मिलेगी आधुनिक बैंकिंग सुविधा : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किसानों और बैंक ग्राहकों को बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नारायणपुर का नया शाखा भवन तैयार हो गया है। बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने रविवार को नवीन भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं बैंकिंग व्यवस्थाओं को देखा तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भवन का लोकार्पण शीघ्र ही सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के द्वारा किया जाएगा। नवीन शाखा भवन के प्रारंभ होने से क्षेत्र के किसानों, खाताधारकों एवं ग्राहकों को अधिक सुव्यवस्थित, सहज और बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही बैंक के कार्यों में भी तेजी और पारदर्शिता आएगी। इस अवसर पर नोडल शाखा प्रबंधक प्रतीक अवस्थी, समिति प्रबंधक भूषण पटेल, प्रकाश रावल सहित बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## मांई दंतेश्वरी मंदिर में की पूजा, प्रदेश अध्यक्ष नामांकन रैली में हुए शामिल

# भाजपा प्रत्याशी ने गाजे-बाजे के साथ रैली निकाल भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के इंदिरा वार्ड में होने जा रहे उपचुनाव में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनोहर दत्त तिवारी ने गाजे-बाजे के साथ समर्थकों व पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकाल कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन रैली में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव शामिल थे।

निर्वाचन अधिकारी सीपी बघेल के समक्ष भाजपा प्रत्याशी ने दो नामांकन जमा किया। जिसमें प्रस्तावक महेन्द्र कुमार सोनी व राजकुमार तिवारी है। नामांकन रैली महावीर भवन से आरंभ होकर इंदिरा वार्ड का भ्रमण करते हुये मुख्य मार्गों से होकर कलेक्ट्रेट पहुंची।

इससे पूर्व मांई दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। प्रत्याशी ने कहा कि इंदिरा वार्ड का योजनाबद्ध बेहतर विकास हो और वार्ड वासियों की समस्याओं का समाधान हो सके यह प्राथमिकता रहेगी।





### ये रहे मौजूद

नामांकन रैली में सांसद महेश कश्यप, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, महापौर संजय पाण्डेय, रामाश्रय सिंह, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, रजनीश पाणिग्रही, परीस बेसरा, आर्येंद्र सिंह आर्य, योगेन्द्र पाण्डेय, ललिता बघेल, सफीरा साहू, रामकुमारी यादव, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, माहेश्वरी ठाकुर, अभिलाष यादव, योगेश सिंह ठाकुर, विनय सोना, सूरेश गुप्ता, अभिषेक साव, रंजीत पाण्डेय, अनिल लुंकड़, ममता राणा, ब्रिजेश शर्मा,रौशन झा सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहे।




## खबर संक्षेप

### रांधना के आमोडीपारा में छोटा हाथी वाहन पलटा, 16 घायल



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम रांधना के आमोडीपारा के पास रविवार को एक छोटा हाथी वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया, जिसमें 16 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। घायलों में गंभीर रूप से घायल मरीजों को बेहतर उपचार हेतु 4 एंबुलेंस वाहनों के माध्यम से जिला अस्पताल कोंडागांव रेफर किया गया। सभी घायल ग्राम देवहरुदली एवं रांधना के निवासी बताए गए हैं। दुर्घटना के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टरों एवं समस्त स्टाफ ने तत्परता, सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए राहत कार्य में अहम भूमिका निभाई। त्वरित उपचार और बेहतर समन्वय के चलते घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी। वहीं ग्रामीण गणेश नेताम एवं विनोद शोरी ने प्रशासनिक वाहनों की तत्काल व्यवस्था कर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

### बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के तहत कलस्टर स्तरीय शिविर आज

**कोण्डागांव।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से "बस्तर मुन्ने" एवं सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत 19 मई को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कलस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे।

शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण भी किया जाएगा। जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेराजपुर में आयोजित शिविर में टेंवसा, कलगांव, छोटेराजपुर, पाण्डोकी, मा. खरगांव और कलेपाल सहित आसपास के ग्रामीण शामिल होंगे। फरसगांव विकासखंड के झाटीबन में आयोजित शिविर में कोंदाबेड़ा, आलोर, मोहपाल, दिगानार, बड़ेडोंगर, बंगोली, भूमका, छिंदली, चांदाबेड़ा और बनचपई सहित कई गांवों के ग्रामीण भाग लेंगे। केशकाल विकासखंड के धनोरा में आयोजित शिविर में कोरकोटी, चुड़ावा, बेलगांव, धनोरा, सुकबेड़ा, भाटगांव, बनियागांव और सिलाटी सहित अनेक गांवों के ग्रामीण शामिल होंगे।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कोंडागांव में चला जागरुकता अभियान



**कोंडागांव/फरसगांव।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिलेभर में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री नूपुर राशि पन्ना ने सभी विकासखंडों में डेंगू से बचाव को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में फरसगांव क्षेत्र के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मितानिनों ने लोगों को डेंगू नियंत्रण हेतु सामुदायिक भागीदारी का संदेश देते हुए "जांच करें, सफाई करें और ढंक कर रखें" थीम के तहत जागरूक किया। फरसगांव ब्लाक मेडिकल अधिकारी ज्योतिर्मयी प्रभावती ने बताया कि डेंगू रोग बरसात के मौसम में तेजी से फैलता है, इसलिए बारिश से पहले ही लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है और इसके प्रमुख लक्षण तेज बुखार, हाथ-पैर व जोड़ों में दर्द, आंखों के ऊपर दर्द तथा कमजोरी हैं।

# जल संसाधन के कर्मचारियों को वेतन के लाले, कलेक्टर के आदेश के बाद भी भुगतान नहीं

**नारायणपुर।** जिले में स्थानीय जल संसाधन विभाग डिवीजन ऑफिस के 26 कर्मचारियों को विगत 3 माह से वेतन नहीं मिला है।

राज्य पेंशन एवं कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांतीय सह सचिव ,प्रांतीय प्रवक्ता छग प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ विद्याभूषण दुबे द्वारा कलेक्टर नम्रता जैन तक इसकी शिकायत की गई । कलेक्टर के द्वारा विभागीय अधिकारियों को न केवल टीएल बैठक में मौके पर फटकार लगाई। लापरवाही की जांच के लिए दो कर्मचारियों को कलेक्ट्रेट कार्यालय से जल संसाधन विभाग भी भेजा गया था बावजूद कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं किया गया। श्रीदुबे ने बताया कि उनके द्वारा रायपुर राजधानी के प्रमुख अभियंता से भी बात करने की कोशिश की गई उनके फोन के वॉइस रिकॉर्डिंग में मैसेज भी छोड़ा गया। मगर अपने ही विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं को उनके द्वारा न केवल नजर अंदाज किया गया बल्कि चर्चा करना भी जरूरी नहीं समझे।

### डिवीजन आफिस के 26 कर्मचारियों को तीन माह से नहीं मिली सैलरी



#### 2008 से 75 पद है रिक्त

कलेक्टर के निर्देश के बाद भी कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। यदि अधिकारी चाहते तो स्थानीय व्यवस्था के तहत जिला कोषालय अधिकारी को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत वेतन भुगतान के आदेश कर सकते थे। वेतन नहीं मिलने से बैंक लोन लेने वाले कर्मचारी बैंक में डिफाल्टर की श्रेणी में गिने जा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ गंभीर बीमारियों पर अपने वेतन का बहुत बड़ा हिस्सा खर्च करने वाले कर्मचारी दवाओं के लिए दूसरों के मोहताज होते जा रहे हैं। विभागीय सेट-अप में 75 पद स्वीकृत हैं परंतु मात्र 26 कर्मचारियों पर समस्त पदों का भार है। बाकी पद वर्ष 2008 से रिक्त है। विभागीय अधिकारियों की मनमानी के बीच जल संसाधन विभाग नारायणपुर जिला के कर्मचारी पीसे जा रहे हैं। बहरहाल आहरण वितरण अधिकार व पद निरन्तरता के अभाव में वेतन भुगतान कब और कैसे होगा कोई नहीं बता रहा है।

#### पद निरंतरता का आदेश नहीं मिला

वेतन रुकने का कारण वित्त मंत्रालय से पद निरंतरता का आदेश नहीं मिलना बताया जा रहा हैं। जानकारी के अनुसार मार्च महीने में पद निरंतर का आदेश मिल जाना चाहिए जिससे कि कर्मचारियों का वेतन इस माह दिया जा सके परंतु इसके लिए विभागीय अधिकारियों के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। दरअसल विभाग के द्वारा जनवरी अथवा फरवरी में ही पद निरंतर के लिए पत्राचार कर दिया जाना चाहिए यह पत्र जिला स्तर से रायपुर संचालक को जाता है और संचालक के द्वारा प्रमुख अभियंता को भेजा जाता है प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग के अनुमोदन से फिर वित्त मंत्रालय को जाता है जहां विभाग को पद निरंतर के लिए अनुमति 1 वर्ष के लिए दी जाती है। उच्च अधिकारियों की लापरवाही और पत्राचार के अभाव में कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े हुए हैं।

### भाजपा ने प्रेम और नेताम तो कांग्रेस ने उमेश और सावित्री को बनाया प्रत्याशी

# फरसगांव उपचुनाव में 45 डिग्री के बीच सियासी पारा हाई, भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



नगर पंचायत उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 महात्मा गांधी वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 12 वीरांगना रानी दुर्गावती वार्ड में पार्षद पद हेतु उपचुनाव कराया जाना है। निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होते ही भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल चुनावी मैदान में पूरी ताकत के साथ उतर गए हैं। वहीं प्रशासन द्वारा संबंधित वार्डों में आचार संहिता लागू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 01 के कांग्रेस पार्षद राजेश सोना का 17 फरवरी 2026 को निधन हो गया था। वहीं वार्ड क्रमांक 12 की कांग्रेस पार्षद सुशीला मरकाम का आकस्मिक निधन होने के चलते दोनों सीटें रिक्त हुई थीं। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव कराने का फैसला लिया। प्रदेश में नगरपालिका एवं नगर पंचायतों के कुल 17 वार्डों में पार्षद पद तथा एक अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव कराया जा रहा है।

वार्ड क्रमांक 01 से भाजपा ने प्रेम नाग को प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने उमेश सोना पर दांव खेला है। वहीं वार्ड क्रमांक 12 में भाजपा ने छबीला नेताम को मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने पूर्व पार्षद सवित्री मरकाम को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। सोमवार को नामांकन दाखिल के दौरान फरसगांव नगर पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा नजर आया। भाजपा की ओर से विधायक के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक रैली निकालते हुए 12बजे एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दोनों प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। दूसरी ओर कांग्रेस ने भी जिला अध्यक्ष रवि घोष के नेतृत्व में दोपहर 1 बजे गाजे-बाजे, नारों और समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपने प्रत्याशियों का नामांकन पत्र जमा कराया।

**एक जून को होगा मतदान :** उपचुनाव के लिए 1 जून 2026 को मतदान कराया जाएगा। ऐसे में दोनों ही दल जीत दर्ज करने के लिए पूरी ताकत झोंकते दिखाई दे रहे हैं। नगर पंचायत का यह उपचुनाव इस बार बेहद रोचक और कांटे की टक्कर वाला माना जा रहा है। आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार और भी तेज होने के आसार हैं, जिससे फरसगांव की सियासत और अधिक गरमाने वाली है।

#### कांग्रेस की स्थिति कमजोर, उसी वार्ड से नहीं मिला प्रत्याशी - टेकाम

फरसगांव उपचुनाव को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। विधायक टेकाम ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की स्थिति इतनी कमजोर हो चुकी है कि उन्हें संबंधित वार्डों में चुनाव लड़ने के लिए स्थानीय प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे हैं। दूसरे वार्ड के लोगों को प्रत्याशी बनाना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस का जनाधार खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही है, जिसके कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी निराशा का माहौल है। विधायक ने दावा किया कि जनता भाजपा के विकास कार्यों और युवा नेतृत्व पर भरोसा जता रही है। यही वजह है कि पार्टी ने इस बार सक्रिय और मेहनती युवा चेहरों को मौका दिया है, जिन्होंने संगठन के लिए लगातार काम किया है।

#### अंतागढ़ क्षेत्र से आकर केशकाल में विधायक चुनाव लड़ेः रवि

वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि घोष ने विधायक के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि विधायक स्वयं अंतागढ़ क्षेत्र से आकर केशकाल विधानसभा से चुनाव लड़े हैं, इसलिए इस तरह के बयान देना उन्हें शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी मजबूती और दमखम के साथ उपचुनाव लड़ रही है तथा भाजपा के दावों का जवाब जनता मतदान के माध्यम से देगी। रवि घोष ने दावा किया कि कांग्रेस प्रत्याशी लगातार वार्डों में जनसंपर्क कर रहे हैं। दोनों ही वार्डों में पार्टी को जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है।

#### ये रहे मौजद-

नामांकन के दौरान भाजपा की ओर से प्रवीर बदेशा, मंडल एवम चुनाव प्रभारी जितेंद्र सुराना, जिला महामंत्री विजय पोया, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पाण्डे, फरसगांव मंडल अध्यक्ष धनराज पाण्डे, महामंत्री प्रवीण राव , उपाध्यक्ष प्रवीण पाण्डे, तरुण साना, दीपेंद्र मसीह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा ,पूर्व उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल, पार्षद शैल सेठिया, राजकुमारी नेताम, संगीता राव, नरेंद्र गौर, विनोद पाण्डे, सुखलाल मरकाम, युवा मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र निषाद, महामंत्री रामकुमार, उपाध्यक्ष दीपक जायसवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वही कॉग्रेस की ओर से जिला महामंत्री रितेश पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवलाल मंडावी, पार्षद विजय लांगड़े, उग्रेश चन्द मरकाम, दिनेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

#### उपचुनाव एक नजर में

- वार्ड क्रमांक – 01 एवं 12
- मतदान तिथि – 1 जून 2026
- भाजपा प्रत्याशी – प्रेम नाग, छबीला नेताम
- कांग्रेस प्रत्याशी – उमेश सोना, सवित्री मरकाम
- दोनों सीटें कांग्रेस पार्षदों के निधन से हुई रिक्त

### सुशासन तिहार शिविर में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन



**कोण्डागांव।** सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने अभियान के तहत केशकाल विकासखंड के ग्राम पंचायत आड़ेंगा में वृहद जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान सांसद भोजराज नाग, विधायक नीलकंठ टेकाम, कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में मुख्य अतिथि द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी की गई। साथ ही छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेनू प्रकाश ने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

**बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान पर जागरुकता** – जिला महिला सशक्तिकरण टीम द्वारा बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में महिलाओं एवं किशोरियों को महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एम्बुलेंस सेवा 108 तथा महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को महिला सशक्तिकरण, पोषण, स्वच्छता, एनीमिया रोकथाम और बाल विवाह निषेध से संबंधित ब्रोशर वितरित किए गए।

## नारायणपुर के केमिस्ट 20 को रखेंगे दुकान बंद

**नारायणपुर।** जिले में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट यूनियन ने आगामी 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद हड़ताल का आह्वान किया है। इस संबंध में संघ ने जिला कलेक्टर को अग्रिम सूचना पत्र सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया है।

■ विभिन्न मांगों को लेकर दवा व्यापारियों की हड़ताल



यूनियन का आरोप है कि अवैध ई-फार्मेसी के संचालन और बड़े कॉर्पोरेट्स द्वारा अपनाई जा रही 'शोषक मूल्य निर्धारण' (प्रेडेटरी प्राइसिंग) नीति से छोटे व मध्यम केमिस्टों की आजीविका पर संकट आ गया है। इसके अलावा, ऑनलाइन माध्यमों से बिना डॉक्टर के पर्चे की दवाओं की बिक्री, नकली पर्चों का दुरुपयोग और एंटीबायोटिक दवाओं की अनियंत्रित उपलब्धता से जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। दवा विक्रेताओं की मुख्य मांगें है कि 28/08/2018 की अधिसूचना (जीएसआर 817 ई) और 26/03/2026 की अधिसूचना (जीएसआर 220 ई) को तुरंत वापस लिया जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इन अनियंत्रित गतिविधियों पर रोक नहीं लगी, तो देशभर के करीब 12.40 लाख केमिस्टों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।



## किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेस ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**केशकाल/धनोरा।** छत्तीसगढ़ में बढ़ती महंगाई एवं डीजल पेट्रोल व खाद बीज नहीं मिलने से किसानों एवं आम जनता को भारी समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए केशकाल विकास खंड अंतर्गत ग्राम धनोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण अग्निहोत्री के नेतृत्व में सोमवार को धनोरा तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में सात दिनों के अंदर किसानो की समस्या का निराकरण करने कि बात कही गई अन्यथा धनोरा कांग्रेस कमेटी किसानों के साथ तहसील कार्यालय का घेराव कि बात कही गई है। ज्ञापन देने वालों धनोरा सरपंच नोहरू राम मांडवी, काररामेटा सरपंच संजीव, धनोरा मंडल अध्यक्ष शिव कुलदीप, सोनूराम बैध, सनत कुलदीप, एन एस यु आई विधानसभा अध्यक्ष निलेश नेगी, जोहन जैन,मनीष नाग, धर्मेंद्र नाग, नरेश जैन,बीरेंद्र, एवं सभी कांग्रेस के साथी मौजूद रहे।

## जिले में बिजली संकट से परेशान जनता का फूटा गुस्सा, आंदोलन की चेतावनी



**नारायणपुर।** नगर पालिका में लगातार हो रही बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या और मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद किए जाने से आम जनता का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी के बीच लोगों को न पर्याप्त बिजली मिल पा रही है और न ही समय पर पानी। बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा पूरे शहर की जनता भुगत रही है।

विशेष रूप से आमबगीचा क्षेत्र वर्षों से लो वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। लो वोल्टेज के कारण पानी टंकी तक पर्याप्त पानी नहीं भर पा रहा, जिससे बांग्लापारा, तहसीलपारा, डीएनके और जगदीश मंदिर वार्ड तक पानी सप्लाई बाधित हो रही है। वार्डवासियों को समय पर पानी नहीं मिलने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद जय वट्टी के नेतृत्व में बिजली कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपा गया। इस दौरान पार्षद ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब जनता को टेम्परेरी आश्वासन नहीं बल्कि स्थायी समाधान चाहिए।

■ पार्षद जय वट्टी के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन

पार्षद जय वट्टी ने कहा कि बार-बार बिजली कटौती और ओवरलोड के नाम पर जनता को परेशान करना तुरंत बंद किया जाए। आमबगीचा क्षेत्र में अलग ट्रांसफार्मर लगाया जाए तथा प्रत्येक वार्ड में स्थायी और मजबूत बिजली व्यवस्था लागू की जाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब जनता अपनी समस्या लेकर बिजली कार्यालय पहुंची तो आधे घंटे तक अधिकारी-कर्मचारी आवेदन लेने तक नहीं पहुंचे। लोग गर्मी और बिजली संकट से परेशान होकर अपनी तकलीफ बताने के लिए इंतजार करते रहे, जबकि कर्मचारी कूलर और पंखे का आनंद लेने में व्यस्त थे। घंटों बाद आवेदन स्वीकार किया गया।

पार्षद ने कहा कि अधिकारियों को फोन के माध्यम से सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द स्थायी समाधान किया जाए। केवल आश्वासन देकर जनता को गुमराह करने की कोशिश न की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नारायणपुर की जनता सड़क से लेकर बिजली कार्यालय तक उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के अंदर यदि इतनी खराब व्यवस्था है तो ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। जनता अब चुप बैठने वाली नहीं है और अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

इस दौरान जनता ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई।

### लोक निर्माण विभाग के सचिव ने ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

# बस्तर में सड़क और पुल निर्माण कार्यों में लाई जाएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने सोमवार को कोंडागांव में विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की बैठक लेकर बीजापुर, दंतेवाड़ा और कोंडागांव जिलों में निर्माणाधीन सड़क एवं पुल कार्यों की समीक्षा की।

■ समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

बैठक में सचिव श्री बंसल ने सभी प्रगतिरत कायोंर् को तय समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों से निर्माण कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी ठेकेदार का भुगतान लंबित न रखा जाए तथा किए गए कार्यों के आधार पर हर महीने भुगतान सुनिश्चित किया जाए। सचिव श्री बंसल ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन निर्माण में अच्छी गुणवत्ता की सामग्री उपयोग करने पर जोर दिया।



#### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना, वन मंडलाधिकारी श्रीमती दिव्या गौतम, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी, मुख्य अभियंता भी एम.एल. उरांव और ज्ञानेश्वर कश्यप तथा अधीक्षण अभियंता संजय सूर्यवंशी सहित तीनों जिलों के कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी और उप अभियंता भी बैठक में उपस्थित रहे।

#### नई सड़क और पुलों के प्रस्ताव जल्द से जल्द भेजें

श्री बंसल ने बरसात में संपर्क से कटने वाले गांवों के लिए बारहमासी सड़क और पुल निर्माण के प्रस्ताव प्राथमिकता से शासन को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही चालू वित्तीय वर्ष के बजट में शामिल द्रुतगामी सड़कों के लिए 15 अगस्त तक इस्टीमेट भेजने को कहा। बैठक में सचिव ने गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट, डिग्रेड या टर्मिनेट करने के निर्देश दिए।

बैठक के बाद सचिव श्री बंसल ने जगदलपुर में इंद्रावती नदी पर निर्माणाधीन खड़कघाट पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को मशीनरी एवं श्रमिक बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### एनएच के बंद स्ट्रीट लाइट शुरू करने में जुटे विद्युत कर्मी



**जगदलपुर।** लालबाग स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे खड़े ट्रकों ने हाल ही में स्ट्रीट लाईट के तार को तोड़ दिया, जिससे एनएच के स्ट्रीट लाईट बंद हुए। इसके चलते शाम के बाद दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। इसकी सूचना पर विद्युत कंपनी जगदलपुर जोन के कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी के नेतृत्व में विद्युत कर्मचारियों ने रविवार की शाम टूटे हुए तार को सुधारा गया।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 377 ग्रामों में होगा

**जगदलपुर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान अन्तर्गत जन भागीदारी-सबसे दूर सबसे पहले अभियान का 25 मई तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के 377 ग्रामों में किया जाना है। जिसका उद्देश्य प्राथमिकता के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर कैम्पेन जन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले थीम पर जमीनी संपर्क, सेवा संतृप्ति, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत निर्मित सेवा केन्द्रों में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन, सुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सूचीबद्ध कर उनका समाधान करने तथा जन भागीदारी अभियान अंतर्गत की गई। 19 से 25 मई तक संतृप्ति शिविरों का आयोजन एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया जावेगा। 20 मई को ग्राम भ्रमण कर ग्रामों की वास्तविक स्थिति का अवलोकन कर जागरूकता फैलाना है। इसी तरह 21 मई से 23 मई तक जनसुनवाई द्वारा शिकायतों के निवारण और अधिकारों के त्वरित समाधान के लिए दैनिक आधार पर गतिविधियों संचालित की जावेगी। 24 मई को जनसूनवाई में सुनी गई समस्याओं का निराकरण कर दस्तावेजीकरण किया जावेगा। 25 मई को कलेक्टर, परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना द्वारा मीडिया कॉन्फ्रेंस और कलेक्ट्रेट में विकासखण्ड और ग्राम अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग बैठक का आयोजन किया जावेगा।

## सांसद, विधायक और महापौर ने किया स्वागत...





**जगदलपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर आगमन पर एयरपोर्ट में सांसद महेश कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक किरण देव, महापौर संजय पाण्डेय, पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, डॉ सुभाउ कश्यप, बैदूराम कश्यप, अजजा आयोग अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय समेत पार्टी के अन्य नेताओं और अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ और गुलाब फूल देकर आत्मीय स्वागत किया।

### 4 अक्टूबर 2025 को अमित शाह और मुख्यमंत्री ने किया था शुभारंभ

# लाल आतंक का अंत, ककनार घाटी के सुदूर गांवों तक पहुंची मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर की जिन दुर्गम पहाड़ियों, संकरी पगडंडियों और चुनौतीपूर्ण रास्तों पर कभी बारूद की गंध और लाल आतंक का खौफ हुआ करता था, आज वहां विकास की नई इबारत लिखी गई है जिसकी कल्पना कुछ साल पहले तक नामुमकिन मानी जाती थी। बस्तर की कठिन भौगोलिक विषमताओं और माओवाद के साये को पीछे छोड़ते हुए ककनार घाटी के नीचे बसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र आज विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह जुड़ चुके हैं। कभी वामपंथी आतंक का गढ़ माने जाने वाले कुधूर, धरमाबेड़ा, चंदेला, ककनार और पालम जैसे गांवों के निवासियों के लिए पक्की सड़क का निर्माण एक ऐसा सपना था जिसके बारे में सोचा भी नहीं जा सकता था, क्योंकि घाटी की दुर्गम ढलान ने विकास के हर रास्ते को अवरुद्ध कर रखा था। लेकिन आज उन्हीं संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों की मुस्तैदी और वामपंथी समस्या के कमजोर पड़ने से सड़कों का जाल बिछाना संभव हो पाया है, और इन चमचमाती सड़कों पर बस का दौड़ना बदलते बस्तर की सबसे सशक्त तस्वीर पेश कर रहा है।

बस्तर जिले में विकास की इस रफ्तार को बढ़ाने के लिए बीते 4 अक्टूबर 2025 को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना की शुरूआत की गई थी। जिसके तहत वर्तमान में जिले के चार चयनित मार्गों पर बस सेवा का संचालन किया जा रहा है। इसी योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार रायपुर द्वारा स्वीकृत समय-सारणी के अनुसार यह बस प्रतिदिन कोण्डागांव जिले के मदार्पाल से अपनी यात्रा शुरू करती है और ककनार घाटी के नीचे बसे उन गांवों को आपस में जोड़ती है जहाँ कभी पैदल चलना भी जोखिम भरा काम था। घाटी के इन दुर्गम अंचलों से होते हुए यह बस धरमाबेड़ा और ककनार जैसे पड़ावों को पार कर सीधे संभाग मुख्यालय जगदलपुर पहुंचती है, जिससे उन ग्रामीणों का सफर अब बेहद सुगम हो गया है जिन्होंने दशकों तक केवल सड़क और बस का इंतजार किया था। यह निरंतर बस सेवा केवल एक वाहन नहीं है, बल्कि शासन के प्रति ग्रामीणों के विश्वास और खुशहाली की एक अटूट कड़ी बन चुकी है। इस पक्की सड़क और नियमित बस सेवा ने न केवल परिवहन को आसान बनाया है, बल्कि ककनार घाटी के नीचे बसे ग्रामीणों के मन से बरसों पुराने अलगाव के डर को भी हमेशा के लिए खत्म कर दिया है। अब शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए ग्रामीणों को मीलों का सफर तय नहीं करना पड़ता। विकास की इस बदलती बयार को लेकर चंदेला के सरपंच तुलाराम नाग बताते हैं कि करीब दो साल पहले तक इस इलाके में माओवादी समस्या के कारण विकास पूरी तरह थम सा गया था, लेकिन आज सड़क बन जाने के साथ ही इसे एक नई दिशा मिल चुकी है। अब इस पूरे क्षेत्र में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं के साथ-साथ उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्रियां बेहद आसानी से सुलभ हो रही हैं, वहीं समीपस्थ ग्राम ककनार में लगने वाले साप्ताहिक बाजार की रौनक भी अब देखते ही बनती है। इसी तरह ककनार के सरपंच बलीराम बघेल भी अपनी खुशी साझा करते हुए कहते हैं कि पहले उन्हें अपने तहसील मुख्यालय लोहण्डीगुड़ा और जिला मुख्यालय तक जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब इस बारहमासी सड़क के बन जाने से आवागमन की बेहतरीन सुविधा मिल रही है।

घाटी की ऊंचाइयों से उतरकर हर ग्रामीण के घर तक शासन की योजनाओं का संदेश पहुँचाने वाली यह बस सेवा इस बात का जीवंत प्रतीक है कि बस्तर का जो हिस्सा कभी अंधेरे में खोया हुआ माना जाता था, वह अब पूरी रफ्तार के साथ प्रगति की राह पर अग्रसर है।

## ब्लॉक कांग्रेस नगरनार ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस नगरनार ने खूंटपदर में पेट्रोल पंप के समक्ष पेट्रोल एवं डीजल की बढ़ती कीमतों और महंगाई को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया।

- बढ़ती मंहगाई के लिए भाजपा पर लगाए आरोप

मौर्य ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें लगातार आसमान छू रही हैं, जिससे आम आदमी का जीवन प्रभावित हो गया है। ईंधन के दाम बढ़ने से परिवहन लागत में वृद्धि हुई है, जिसका सीधा असर खाद्य सामग्री, रसोई गैस, सब्जियों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है।

ब्लॉक नगरनार के अध्यक्ष संतोष सेठिया ने कहा सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं से ध्यान हटाकर केवल प्रचार-प्रसार की राजनीति कर रही है। आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार लगातार टैक्स बढ़ाकर जनता की जेब पर डाका डाल रही है। कांग्रेस पार्टी की चेतावनी है यदि सरकार ने जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया तो जनता के हित में आंदोलन कर प्रदर्शन करेंगे।

इस दौरान फूलसिंह, दयाराम कश्यप,वीरेंद्र साहनी विजय सिंह, नीतीश शर्मा, बलराम कोकड़ो, विजय, प्रण्यशील, अमित, राजेश कश्यप, प्रकाश राव, सुकदेव बेसरा सुखलधर,बघेल सुखराम अमित पांडे धर्मदास नाग प्रकाश राव,भरकार जोशी, वेंकट राव, पूर्णिमा सिरल मुकुंद राम नेताम,शंकर गुप्ता,संजय नाग,प्रभु दास सोहन नायक राजेंद्र नाथ नाग लक्ष्मी नारायण राजू राव सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# भानपुरी मण्डल में 5 मोर्चा की नई कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के भानपुरी मण्डल में पांच मोर्चा की नयी कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने महिला, किसान, पिछड़ा वर्ग, अ.ज.जा. व अ.जा. मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है।

- महिला, किसान, पिछड़ा, अजजा व अजा मोर्चा की नई टीम

महिला मोर्चा अध्यक्ष जमुना कश्यप बनाई गयी हैं। उपाध्यक्ष फुलबाई खापर्डे, लक्ष्मी यादव, कुन्ती शार्दुल, निशा वर्मा, महामंत्री फुलमती बंछोर व राधा यादव नियुक्त की गई हैं। मंत्री रेवती साहू, सुरजमनी बघेल, नीरमनी कश्यप, उषा कश्यप, कोषाध्यक्ष सविता बघेल, सह कोषाध्यक्ष बुधरी कश्यप, कार्यालय प्रभारी हेमबती कश्यप, सोशल मीडिया प्रभारी उर्वशी यादव, सोशल मीडिया सह प्रभारी निर्मला सेठिया नियुक्त की गई हैं।

किसान मोर्चा के अध्यक्ष हितेश मौर्य बने हैं। वहीं उपाध्यक्ष महेश्वर बैद्य, कुन्दन बघेल, गणेश यादव, कमोराम नायक, महामंत्री घस्सुराम मौर्य व लच्छिन बघेल बनाये गये हैं। मंत्री आसमन दिवान, थानूराम पन्हार, सुदनराम बघेल, झाड़ुराम मौर्य, कोषाध्यक्ष युवस राम बघेल, कार्यालय प्रभारी भगत राम बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी मंगतूराम बघेल, सोशल मीडिया सह प्रभारी लक्ष्मण बघेल को बनाया गया है।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष मुकेश दिवान होंगे। उपाध्यक्ष जमुना ठाकुर, ताकेश पटेल, भगत शार्दुल, महामंत्री भुवन साहू व रमेश दिवान को बनाया गया है। मंत्री लल्लू राम नेगी, विनीता ठाकुर, नरेन्द्र पम्मार, कोषाध्यक्ष बलराम पटेल, कार्यालय प्रभारी पवन श्रीवास, मीडिया प्रभारी नागेश्वर चैहान और सोशल मीडिया प्रभारी लखेश्वर बैद्य बने हैं।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष हिरालाल कश्यप को बनाया गया है। वही उपाध्यक्ष रमेश कश्यप (नन्दपुरा), रमेश कश्यप (कुंगारपाल), महामंत्री विषम मौर्य व साधुराम बघेल बने हैं। मंत्री बलदेव बघेल, गुलाब बघेल, कोषाध्यक्ष लेबोराम बघेल, कार्यालय प्रभारी लखेश्वर बन्छोर, मीडिया प्रभारी कमल सिंह बघेल, मीडिया सह प्रभारी भद्दु राम भारती बनाये गये हैं।

अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष विराज नेताम बने हैं। उपाध्यक्ष पुरन नेताम, संजय मारकण्डे, पुलेन्द्र बघेल, महामंत्री नरेन्द्र बघेल व सुखलाल नाग, मंत्री अन्तुराम बघेल, मदन बघेल, मयाराम बघेल को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष बिरेन्द्र कश्यप, सह कोषाध्यक्ष बुधराम बघेल, कार्यालय प्रभारी शम्भु लाल बघेल, प्रवक्ता सुखचन्द कश्यप, सह प्रवक्ता भूपेन कश्यप, मीडिया प्रभारी रंजीत कश्यप, सह मीडिया प्रभारी हरबंधु कश्यप, सोशल मीडिया प्रभारी सोनु बघेल, सह सोशल मीडिया प्रभारी विनोद कश्यप, छात्रावास प्रभारी रामचन्द्र बघेल, महिला प्रमुख मनमती कश्यप, सह महिला प्रमुख दुर्गावती मारकण्डे व आई.टी.सेल. प्रभारी भुपेन्द्र कश्यप नियुक्त हुए हैं।

## माओवाद के साये से निकलकर विकास की रौशनी से जगमगाया कोलेंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर का वह सुदूर वनांचल जहां कभी सन्नाटा और दहशत का पहरा हुआ करता था आज खुशहाली की एक नई इबारत लिख रहा है। जिले के दरभा विकासखंड का कोलेंग क्षेत्र, जो दशकों तक माओवादी गतिविधियों के कारण विकास की दौड़ में पिछड़ गया था अब अपनी एक नई और सकारात्मक पहचान गढ़ रहा है। कभी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसता यह इलाका अब सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं से लैस होकर विकास की मुख्यधारा में मजबूती से कदम रख चुका है। जो ग्रामीण कभी बुनियादी सुविधाओं और शासकीय योजनाओं से पूरी तरह महरूम थे, वे अब सीधे शासन-प्रशासन के संपर्क में हैं और विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। एक समय था जब बारिश के दिनों में कोलेंग और उसके आसपास के गांव पूरी तरह टापू बन जाते थे और ग्रामीणों को आवागमन के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन आज यहाँ की स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। जगदलपुर से लेकर कोलेंग, चांदामेटा, छिंदगुर, काचीरास, सरगीपाल और कान्दानार जैसे दुर्गम गांवों तक बारहमासी पक्की सड़कों का जाल बिछ जाने से न केवल आवाजाही सुगम हुई है, बल्कि स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी आपातकालीन सेवाएं भी अब ग्रामीणों की चौखट तक पहुंच चुकी हैं।

## शानी को याद कर रचनाकारों ने साहित्य में उनके योगदान पर सुनाए संस्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



हिन्दी के प्रसिद्ध कथाकार लेखक शानी की जयंती पर प्रगतिशील लेखक संघ ने लाला जगदलपुरी केन्द्रीय पुस्तकालय परिसर जिला ग्रंथालय में उनका स्मरण करते विचार गोष्ठी का आयोजन किया।

उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने के बाद विचार गोष्ठी के आरंभ में जगदीश चन्द्र दास ने कहा कि शानी संपूर्ण भारतीय जन जीवन के चितेरे, कुशल संवेदनशील लेखक थे।

- बस्तर से आगे बढ़कर देश दुनिया में बनाई पहचान

डॉ.योगेन्द्र मोतीवाला ने शानी को सामान्य ग्रामीण, जनजातीय जनजीवन से लेकर महानगरों के जीवन तक का कुशल, संवेदनशील लेखक बताया। उनका रचना संसार दारिद्र्य में मानवीयता लिए हुए चरित्रों का है। अबूझमाड़ के ओरछा का जनजातीय जीवन का दृश्यात्मक चित्रण साल वनों के द्वीप में गहरी संवेदना के साथ किया गया है।

नवोदित लेखक दीपक थवानी ने अपने आलेख में शानी के जीवन और संघर्ष का विस्तार से उल्लेख किया और उनकी लेखन शैली को अद्वितीय कहा। युद्ध कहानी का विशेष उल्लेख उन्होंने किया।

डॉ.सुनील श्रीवास्तव ने शानी को आत्ममुग्धता या आत्मप्रशंसा से मुक्त विशाल व्यक्तित्व का लेखक बताया। शानी के प्रसिद्ध उपन्यास काला जल के चरित्रों मोहसिन, बब्बन, सालिहा आपा का जिक्र भी उन्होंने किया।

कवयित्री, लेखिका और समीक्षक खुदेजा खान ने शानी की लिखी बहुचर्चित कहानी बिरादरी का विश्लेषण करते हुए कहा कि आम भारतीय मुस्लिम समाज में जो पाखंड और दिखावा व्याप्त है,उसका शिद्दत से चित्रण इस कहानी में है।

वरिष्ठ साहित्यकार मदन आचार्य ने कथेतर लेखन एकांकी नाटक दर नाटक, गुलाब में रफू पर वक्तव्य दिया। डॉ. राजेश सेठिया ने कहा कि आरंभिक रचनाओं में रोमानियत, प्रेम और कल्पना है पर बाद की रचनाएं प्रामाणिक अनुभवों और यथार्थबोध पर आधारित होकर लिखी गई हैं। सांप और सीढ़ी उपन्यास के चरित्रों में प्रमुख धान मां के चरित्र को उन्होंने अति विशिष्ट और अन्यतम कहा।

वरिष्ठ रंगकर्मी एम.ए.रहीम ने हिन्दी के प्रसिद्ध आलोचक डॉ.धनंजय वर्मा और शानी की आत्मीयता से परिपूर्ण अनन्य पारिवारिक मित्रता और मित्रमंडली के अन्य सदस्यों का जिक्र किया तथा जगदलपुर में तत्कालीन समय में साहित्य की महत्वपूर्ण गतिविधियों का उल्लेख किया। गोष्ठी में प्रकाश चन्द्र जोशी, विक्रम सोनी और सहायक प्राध्यापक ललिता लहरी उपस्थित थे।

## मुख्यधारा में शामिल पुनर्वास ग्रामीण बंदूक छोड़ योग को अपना रहे : देव



**जगदलपुर।** विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल के अन्तर्गत पतंजलि विराट योग उत्सव फिट बस्तर-हिट बस्तर के त्रिदिवसीय योग शिविर का समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि जहां बस्तर एक ओर शांति द्वीप बन रहा है वहीं योग के माध्यम से नक्सलवाद को छोड़ राष्ट्रवाद की मुख्यधारा में शामिल पुनर्वास ग्रामीणों ने बंदूक छोड़ योग को अपना रहे हैं। इस कार्य को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के तक पहुंचाऊंगा। पतंजलि योग समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज पानीग्राही ने कहा कि आज योग को अपनाते हुए नक्सलवाद को छोड़ राष्ट्रवाद की मुख्यधारा में जुड़े भाई-बहन सम्मिलित हुए हैं जो कभी बंदूक की भाषा से बात करते थे वो आज हमारे साथ अनुलोम-विलोम कर योग बल बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन मनोज चंद्रा ने किया और संरक्षक शक्ति सिंह चौहान ने सभी योग शिक्षकों का सम्मान किया।

# बस्तर के मुद्दों पर चर्चा करने मांगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने की मांग की गई है।

- कांग्रेस ने अमित शाह से मुलाकात करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



बस्तर जिले के जनहित एवं विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने समय देने का अनुरोध किया गया। बस्तर क्षेत्र में शांति, विकास और समृद्धि के लिए कांग्रेस प्रयासरत रही हैं। परंतु पिछले वर्षों में विकास कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। ज्ञापन में बस्तर के प्रमुख मुद्दों को शामिल किया गया है। नगनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट के विनिवेशीकरण की सूची में शामिल होने और स्टील प्लांट न बिकने की गारंटी, एनएमडीसी मुख्यालय जगदलपुर में लाने, बस्तर में 2000 से अधिक स्कूलों को बंद करने का मुद्दा, आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा, बैलाडिला डिपॉजिट 1ए, 1बी एवं 1सी के खनन संबंधी मुद्दे, बड़े उद्योगपतियों को बस्तर में आमंत्रित करने की गारंटी, नन्दराज पहाड़ के लीज रद्द न किए जाने, नक्सल मुक्त गांवों को 1-1 करोड़ देने की घोषणा, बंदी आदिवासियों की रिहाई और फर्जी मुकदमों को वापस लेने का मुद्दा सहित बस्तर के युवाओं के लिए रोजगार जैसे मुद्दे ज्ञापन में लिखकर दिए गए है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, विधायक लखेश्वर बघेल, विक्रम मंडावी एवं कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल चर्चा करना चाहता है। कलेक्टर से अनुरोध किया गया है कि अमित शाह से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात का समय निर्धारित किया जाए।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, कविता साहू, अतिरिक्त शुक्ला, वीरेंद्र परिहार, अभिषेक नायडू, विजय सिंह, जाहिद हुसैन, अनुराग महतो, नीतीश शर्मा, रविशंकर तिवारी, सूयार्पानी, बलराम यादव, संतोष सेठिया, निकेत राज झा, लता निषाद, अपर्णा बाजपेयी, राजेंद्र पटवा, रोजविन दास, एस नीला, शादाब अहमद, मोहसिन खान, सलीम जाफर अली, अमित पांडे, सुशीला बघेल, सुखराम, शुभम यदू, रंगा राव, रजत जोशी, कमला भत्तरा,रंगा राव, साहिल हियाल, शंकर सेन मौजूद रहे।

